तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि

# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, बुधवार 26 नवंबर 2025

खरसिया | सारंगढ़ | घरघोड़ा | धरमजयगढ़ | पुसौर | बरमकेला | लैलूंगा | तमनार



4 गुरूजी अन्य कार्यों में व्यस्त, इधर स्कूलों में तिमाही परीक्षा का रिजल्ट हुआ डब्बा




## खबर संक्षेप

### तालाब में डूबकर हाथी शावक की हुई मौत

**रायगढ़।** तमनार वन परिक्षेत्र में तालाब में डुबने से एक हाथी शावक की मौत हो गई। इस घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग में हडकंप की स्थिति निर्मित हो गई। जानकारी के अनुसार तमनार वन परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम गौरमुड़ी गांव के तालाब में आज एक हाथी शावक की लाश देखी गई। जिसके बाद वन विभाग के अधिकारियों को घटना की जानकारी दी गई। बताया जा रहा है कि तमनार रेंज में पिछले लंबे समय से 34 हाथियों का दल विचरण कर रहा थाए जिसमें 8 नर, 18 मादा के अलावा 8 शावक शामिल थे। इसी दल में से एक शावक की मौत हुई है। प्रारंभिक जांच के दौरान पानी में डूबने से मौत होनें की बात कही जा रही है। फिलहाल मंगलवार की सुबह हाथी शावक की मौत की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर शव को बाहर निकालकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है, मृत शावक की उम्र करीब 1 साल बताई जा रही है।

### पशु क्रूरता मामले का आरोपी पकड़ा गया

**रायगढ़।** पुसौर थाना क्षेत्र में पशु क्रूरता के गंभीर मामले में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर रिमांड पर भेज दिया है। मामला 1 अगस्त की सुबह लगभग 4 बजे का है, जब ग्राम तिलगी निवासी 60 वर्षीय लीलाधर चौधरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि रोड किनारे टहलने के दौरान चन्द्रपुर की ओर से आ रही पिकअप को उसके चालक ने तेज और लापरवाहीपूर्ण तरीके से चलाते हुए मेन रोड के पास पलटा दिया। पिकअप में बड़ी संख्या में मवेशी ठूंसे हुए थे, जिनमें से दो कृषक पशुओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य मवेशी इधर-उधर भाग गए। वाहन चालक घटना के बाद गाड़ी छोड़कर फरार हो गया था। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध दर्ज कर वाहन जब्त किया गया और वाहन स्वामी की जानकारी जुटाई गई। विवेचना में पाया गया कि घटना के दिन वाहन एमडी इस्तिखार पिता एमडी मुर्तुजी 40 वर्ष, निवासी कटाबगा, चौकी रामपुर, थाना ब्रजराजनगर, जिला झारसुगुड़ा ओडिशा के उपयोग में था। आरोपी की पतासाजी के बाद पुलिस टीम ने ब्रजराजनगर में दबिश दीए जहां आरोपी प्रारंभिक रूप से फरार मिल गया, लेकिन लगातार प्रयासों के बाद पुलिस ने मंगलवार को उसे पकड़ लिया।

## कई तरह के मानदंडों को पूरा करने के बाद धान बिक्री कर पाएंगे किसान

# एक निर्देश से किसानों में मचा हड़कंप: गत वर्ष जितना बेचे थे धान, इस बार भी उतने ही कर सकते हैं बिक्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

इस बार धान खरीदी को लेकर गजब तमाशा चल रहा है। किसानों के उपर अधिकारियों का पहरा बैठा दिया गया है। बीते साल जो किसान जितनी धान बिक्री किया था इस बार भी उतना ही विक्रय कर सकता है। यदि उससे ज्यादा का टोकन कट गया है तो उसके हर टोकन का एसडीएम सत्यापन करेंगे। इसके बाद ही खरीदी होगी। ऐसा निर्देश मौखिक रुप से समितियों के लिए जारी कर दिया गया है। इसे लेकर किसान तो किसान खरीदी केंद्र प्रभारी भी चिंतित हो गए हैं। धान खरीदी चालू बमुश्किल 9 दिन हुए हैं और इतने सारे कायदे-कानून किसानों पर लाद दिया गया है कि बिक्री करने के लिए भी उसे अधिकारियों का मोहताज होना पड़ेगा। एक लिखित कम मौखिक निर्देश प्रशासन की ओर से जारी किया गया है। इसमें जो पहली ही कंडिका में बीते 2024-25 में जो किसान जितनी धान बिक्री किया है इस साल भी उतने ही कर सकता है। बाकी रकबे को समर्पित कराया जाएगा। यदि बीते साल की तुलना में ज्यादा टोकन कटा है तो उसकी पूरी तरह से जांच कर खरीदी की जाएग। वास्तविक उपज का जो आंकलन किया गया है उसके आधार पर ही टोकन काटा जाएगा। यह किसी भी स्थिति में संभव नहीं है। एक-एक खेत मे लगे धान के उपज का आंकलन करना किसी भी हालात में संभव नहीं है। किसी खेत में ज्यादा तो किसी में कम उपज होता है। याने माना जा रहा है कि इस बार कुछ अव्यावहारिक दिक्कतें किसानों को होने वाली है।



### 10 एकड़ से ज्यादा रकबा वाले किसानों का मौके पर होगा जांच

10 एकड़ से अधिक रकबा पंजीयन वाले किसानों के वास्तिवक उपज का मौके पर सत्यापन कर रिपोर्ट तैयार करेंगे। इसमें कहा गया है कि सत्यापन के बाद जो अनुमानित वास्तविक उपज का आंकलन किया गया है उसी मात्रा का टोकन काटा जाए। अब ऐसे किसानों के एक-एक खेत की जांच किया जाएगा। यह काम एसडीएम करेंगे।

### जहां शिक्षा मंत्री ने चालू की खरीदी वह केंद्र आया रेड लाइन एरिया में

दिलचस्प बात यह है कि जहां प्रदेश के शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने धान खरीदी का शुभारंभ किया था वह केंद्र अभी रेड लाइन एरिया में आ चुका है। यहां बीते साल इस तारीख तक खरीदी शुरु नहीं हुई थी, लेकिन इस बार 723.20 क्विंटल खरीदी हो चुकी है। ऐसे में इस केंद्र को अभी रेड लाइन एरिया माना जा रहा है। खरीदी अभी ठीक से शुरु भी नहीं हो पाई है, लेकिन जिले के 5 खरीदी केंद्र रेड लाइन एरिया में आ चुके हैं। यहां बीते साल की तुलना में इस तारीख तक ज्यादा खरीदी होने की बात कही जा रही है। इसमें पुसौर के केशला 331, कापू, लिप्ती, कोड़ातराई और कोड़ासिया शामिल है। केशला में बीते साल इस तारीख तक खरीदी शुरु भी नहीं हो पाइई थी, लेकिन इस बार 1198 क्विंटल खरीदी हो चुकी है। ऐसे ही कापू में बीते साल इस तारीख तक 306.40 क्विंटल खरीदी हुई थी, लेकिन अभी यहां 4581.20 क्विंटल खरीदी हुई है। इसी तरह लिप्ती में बीते साल 45.60 क्विंटल खरीदी हुई थी, अभी वहां 2716.40 क्विंटल खरीदी हुई है। इसी तरह कोड़ासिया में बीते साल इस दिन तक खरीदी हुई नहीं थी, लेकिन अभी यहां 1066.80 क्विंटल खरीदी हो चुकी है। इसके कारण रेड लाइन दिखा रहा है।

### वनाधिकार पट्टे की 48 घंटे में करना है सत्यापन

धान बिक्री के लिए वनाधिकार पट्टेधारियों का जो पंजीयन हुआ है उनका सत्यापन 48 घंटे के भीतर ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी और पटवारी द्वारा किया जाएगा। वास्तविक उपज का आंकलन किया जाएगा और उसी के आधार पर खरीदी होगी। यह काम भी आज तक इन अधिकारियों को पूरा करना है।

### एनएच 49 में ट्रक और ट्रेलर आपस में टकराए


**रायगढ़।** खरसिया नेशनल हाइवे 49 पर हादसे कम होने का नाम नहीं ले रहे है। इस सड़क पर आए दिन किसी न किसी प्रकार की दुर्घटना देखने को मिलती ही है। कुछ दिनों पहले ही एक बस और ट्रेलर की भीषण भिड़ंत हुई थी, जिसमें एक की मौत हो गई थी और कई लोग घायल हो गए थे। इसी कड़ी में मंगलवार को भी इस सड़क पर एक हादसा देखने को मिला। यहां एक ट्रक और ट्रेलर आपस में टकरा गए। गनीमत ये रही कि इस हादसे में किसी व्यक्ति को नुकसान नहीं पहुंचा। इन दोनों गाड़ियों की चपेट में एक बाइक सवार भी आ गया थाए लेकिन बाइक सवार ने सतर्कता दिखाते हुएए बाइक से कूद कर अपनी जान बचाई, लेकिन इस बीच उसकी बाइक पूरी तरह चकनाचूर हो गई। गाड़ियों की टक्कर होते ही मौके पर लोगो की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों के द्वारा पुलिस को इस मामले की जानकारी दी गई। जिसके बाद मौके पर पुलिस ने गाड़ियों को जब्त कर आगे की जांच में भीड़ गई है। फिलहाल गाड़ी किसकी थी इसका पता नहीं चल पाया है।

# एमएसपी प्लांट में श्रमिक की मौत के बाद परिजन ने मचाया हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जामगांव स्थित एमएसपी प्लांट में सोमवार को हुए हादसे में एक श्रमिक की हुई मौत के बाद मामला गरमा गया। मंगलवार की सुबह मृतक के परिजनों के साथ ग्रामीण प्लांट के तीनों मेन गेट के सामने धरने पर बैठ गए और वाहनों की आवाजाही पर रोक लगा दी। मृतक के परिजन उद्योग प्रबंधन से 50 लाख रूपए मुआवजा देने की मांग कर रहे थे। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास शुरू हुआ।

दरअसल जामगांव स्थित एमएसपी प्लांट में सोमवार की दोपहर एक हादसा हो गया था। प्लांट में काम करने के दौरान कन्वेयर बेल्ट की चपेट में आने से ग्राम अमोरा जिला जांजगीर चांपा निवासी लक्ष्मण कुमार साहू की मौक़े पर ही मौत हो गई थी। इस हादसे की खबर मिलते ही मृतक के परिजन सोमवार रात को ही रायगढ़ पहुंच गए थे। परिजनों ने प्लांट प्रबंधन से हादसे में मौत के एवज में 50 लाख रूपए देने की मांग की लेकिन प्रबंधन ने मना कर दिया। इसके बाद मंगलवार की सुबह से मृतक के परिजन और गांव वाले एमएसपी प्लांट के तीनों एंट्री गेट के बाहर बैठ गए और मुआवजा की मांग कर प्रदर्शन करने लगे रहे हैं, हालांकि ग्रामीणों के इस प्रदर्शन की सूचना मिलते ही चक्रधरनगर पुलिस की टीम मौक़े पर पहुंच गई और प्रदर्शनकारी ग्रामीण महिला और पुरुषों को समझाने का प्रयास किया जाने लगा।



### मृतक के परिजन ने 50 लाख मुआवजा की मांग कर प्लांट के गेट के सामने किया प्रदर्शन

### मंगलवार को फिर से प्लांट में हुआ हादसा

मंगलवार को एमएसपी प्लांट में दो नए प्रोजेक्ट के तहत कीलन नंबर 5 और 6 में काम चल रहा था। काम के दौरान श्रमिक का सेफ्टी बेल्ट और चेन टूटने के कारण वह असंतुलित होकर ऊपर से नीचे गिर पड़ा। इस घटना में श्रमिक को गंभीर चोट आई है। जिसे बेहतर उपचार के लिए जिंदल अस्पताल भेजा गया है। श्रमिक तिलगा भगोरा गांव का निवासी बताया जा रहा है।

# नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को 20 साल की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

नाबालिग बालिका को प्रेमजाल में फंसाकर उसकी अस्मत लूटने वाले आरोपी को कोर्ट ने 20 साल की सजा सुनाई है और 7 हजार रुपए के अर्थदंड से भी दण्डित किया है। उक्त मामला कोतवाली क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र निवासी पीड़िता के पिता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि उसकी पुत्री की उम्र 15 वर्ष 2 माह है। वह संजय कॉम्प्लेक्स में काम करने जाती थी। 22 अगस्त 2024 को वह काम पर जाने से पूर्व घर से चिप्स लेकर आने के नाम पर निकली थी लेकिन वापस नहीं आई। उसके पिता ने पड़ोस एवं रिश्तेदारों के यहां पतासाजी की लेकिन कहीं पता नहीं चलने पर उसने थाने में अपनी बेटी को किसी के द्वारा भगा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस पर पुलिस ने उसकी खोजबीन शुरू की। इस दौरान सूचना मिली कि किशोरी जांजगीर चांपा जिले के शिवरीनारायण थानांतर्गत ग्राम गोदना में अपनी बड़ी मां के घर में है। पुलिस ने परिजनों के साथ जाकर गोदना से नाबालिग व उसे भगा ले जाने वाले युवक हेमचरण जांगड़े को रायगढ़ लाई। किशोरी से पुछताछ करने पर उसने बताया कि हेमचरण उसके मोहल्ले में ही रहता था इस दौरान उससे परिचय हुआ था। परिचय होने पर उसने मोबाईल नंबर व इंस्टाग्राम का आईडी मांगने पर दे दी थी। इसके बाद इंस्टाग्राम पर दोनों चैटिंग करते थे। वहीं हेमचरण के कहने पर उसने 21 अगस्त को छुट्टी लेकर उसके साथ चन्द्रपुर घूमने गई थी। घूमने की बात पता चलने पर उसके पिता ने डांटा था जिससे क्षुब्ध होकर वह अगले दिन हेमचरण के घर चली गई जहां शादी करने की बात कहते हुए हेमचरण उसे अपने साथ जम्मू ले गया। इस तरह जम्मू में किराये के मकान में रहने के दौरान हेमचरण उसके साथ शारीरिक संबंध भी बनाता रहा। ऐसे में पुलिस आरोपी हेमरण जांगड़े के खिलाफ अपराध दर्ज कर उसे गिरफ्तार करते हुए न्यायालय में पेश किया था। वहीं मामले की सुनवाई करते अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एफटीएससी पॉक्सो देवेन्द्र साहू ने आरोपी हेमचरण जांगड़े को दोषी करार देते हुए 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है।

# झारखण्ड जा रही यात्री बस अनियंत्रित होकर पलटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत रायगढ़ से झारखंड के लिए रवाना हुई यात्री बस रास्ते में गेरसा आमापाली के पास अनियंत्रित होकर पलट गई। इस घटना में 8 लोग घायल हुए हैं। जानकारी के अनुसारए रायगढ़ से जपला झारखंड जाने वाली बदन बस हर दिन की तरह सोमवार शाम 5 बजे रायगढ़ के केवड़ाबाड़ी बस स्टैंड से अपने गंतव्य के लिए निकली थी। रात करीब 8 बजे, गेरसा आमापाली के बीच स्थित पुलिया के पास बस पहुंची ही थी कि ड्राइवर ने तेज और लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बस को सड़क के बाईं ओर उतार दिया। जिससे बस पेड़ से टकराकर पलट गई। बताया जा रहा है कि बस में करीब 45.50 यात्री मौजूद थे। इस घटना में करीब 8 लोगों को चोट आई हैए जिनमें विपिन कुमार चंद्रवंशी, अतीश कुमार चंद्रवंशी और रंजीत कुमार राम के हाथ, माथे और पीठ में चोटें आईं, जबकि अन्य यात्री भी मामूली रूप से घायल हुए हैं। घटना के बाद बस में मौजूद यात्री राहुल कुमार ने तुरंत डायल 112 पर कॉल कर सूचना दी। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए सिविल अस्पताल भेजा गया। इस मामले में झारखंड के पलामू जिला कुशा नारायणपुर निवासी राहुल कुमार चंद्रवंशी की शिकायत पर थाना में बस चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया गया है।



## मुख्य सड़कों पर मवेशी, साथ ही बढ़ रहे डॉग बाइट के मामले

# मवेशियों व कुत्तों से लोग हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में आवारा कुत्तों एवं मवेशियों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। शहर हो या ग्रामीण क्षेत्र हर जगह की सड़कों पर मवेशियों का कब्जा हो चुका है।इसी तरह डॉग बाइट के मामले भी तेजी से बढ़ रहे है। लेकिन प्रशासन के पास इसके समाधान के लिए कोई योजना नहीं है। सुबह से लेकर रात तक मुख्य सड़कों पर मवेशियों का जमावड़ा देखने को मिलता है।जिसकी वजह से हर रोज एक्सीडेंट देखने को मिलता है। उसी तरह जिले में डॉग बाइट के मामलों में भी तेजी देखने को मिल रहा है। दरअसल ठंड का मौसम कुत्तों के ब्रीडिंग का महीना होता है, इस समय कुत्ते और अधिक आक्रमक हो जाते हैए इसलिए डॉग बाइट के मामले ठंड के दिनों में बढ़ जाते है। बावजूद इसके किसी प्रकार की कार्रवाई देखने को नहीं मिल रही है। पूर्व में निगम के द्वारा कुत्तों के व्यवस्थापन के लिए डॉग शेल्टर हाउस बनाने की बात कही गई थी। इसके लिए ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र में जगह देखी गई थी। लेकिन यह योजना सिर्फ कागजों में सिमट कर रह गया। इस पर सतही स्तर पर कोई कार्य नहीं किया गया। डॉग बाइट के मामलों को देखते हुए अब शहर में एक डॉग हाउस की मांग और तेजी से की जा रही है।



### मवेशियों के सड़क पर होने से हो रहे है एक्सीडेंट

गांव हो या शहरए हर जगह की मुख्य सड़कों पर मवेशियों का कब्जा हो चुका है। इसकी वजह से आमजनों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस दिशा में भी प्रशासन के द्वारा कोई पहल नहीं की जा रही है। हर रोज विभिन्न क्षेत्रों से मवेशियों की वजह से एक्सीडेंट के मामले सामने आ रहे है। शहर में कई जगह मवेशी मुक्त का बोर्ड लगा है, लेकिन उस क्षेत्र में भी उस बोर्ड के ही नीचे कई मवेशी बैठे हुए देखे जा सकते है।

### सार्वजनिक स्थानों पर नियुक्त किए जाएंगे नोडल

नगरीय प्रशासन के द्वारा निगम आयुक्तों को पत्र लिख सभी कार्यालयों में फेंसिंग, गेट और अन्य तरीकों का निर्माण करने का निर्देश दिया गया है। जिससे आवारा मवेशियों को अन्दर प्रवेश न कर सके। इसी तरह स्कूलए बस स्टैंड और कई अन्य सार्वजनिक स्थानों पर नोडल अधिकारी नियुक्त कर इसकी रोकथाम करने का निर्देश दिया गया है।


हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 75. तारकेश्वर प्रजापति पिता\पति सुकलाल प्रजापति पता- राम विहार आरंग, 76. विजय साहू पिता\पति अश्वनी साहू पता - कबीर नगर एकता चौक रायपुर, 77. ओम प्रकाश साहू पिता\पति घासी राम साहू पता- धनेली रावाभाठा धरसीवा रायपुर, 78. चंचल ध्रुव पिता\पति किशोर ध्रुव पता- सुदामा नगर रायपुर, 79. अर्जुन तांडी पिता\पति त्रिनाथ तांडी पता- BSUP कॉलोनी ब्लॉक न. C रायपुर, 80. सुनीता जायसवाल पिता\पति छोटेलाल जायसवाल पता- बढाई पारा रायपुर, 81. जानवी गोयल पिता\पति कमल किशोर पता- डूमर तालाब रायपुर, 82. राकेश पंचवारे पिता\पति हनेश पंचवारे पता- भनपुरी बिरगांव रायपुर, 83. ट्विंकल धनकर पिता\पति तरुण धनकर पता - रामेश्वर मंदिर न्यूज़ शांति नगर, 84. वीणा साहू पिता\पति संतोष साहू पता- दुर्गा नगर बिरगांव, 85. तुषार साहू पिता\पति रामनाथ साहू पता- बकली, 86. लिना देशमुख पिता\पति केशव देशमुख पता- पीपरछेड़ी धमतरी, 87. ममता कुम्भकार पिता\पति चंदूलाल कुम्भकार पता- ब्राम्हण पारा वार्ड कुम्हार पारा धमतरी, 88. ईश्वरलाल साहू पिता\पति गुलाबराम साहू पता- पुलिस लाइन रुद्री धमतरी, 89. हिमांशु साहू पिता\पति भूषण लाल साहू पता- राजनांदगांव, 90. मूलचंद साहू पिता\पति भुनेश्वर साहू पता-कोटराभांठा, 91. निरंजन साहू पिता\पति भिखारी राम साहू पता- राजनांदगांव म. न. 8 18 एकड़ पुलिस लाइन, 92. उमा केशरवानी पिता\पति सूरज केशरवानी पता- बाज़ारपारा बेमेतरा वार्ड न.18, 93. रूपराम बनपेला पिता\पति स्व. महेत्तर राम बनपेला पता- म.न. 215 अन्नापूर्णा पारा पुराना आरामिल के पास कांकेर, 94. टोडरमल साहू पिता\पति मिलन राम साहू पता- पेवरो गुरुर, 95. ललित सोनी पिता\पति स्व. रामलाल सोनी पता- जगदलपुर, 96. धनंजय देवांगन पिता\पति बृजराम देवांगन पता- बागबहरा वार्ड न.13, 97. नरेश कुमार केशरवनी पिता\पति स्व. फागुराम केशरवानी पता- नगर पंचायत पांडातराई, 98. डिकेश्वर वर्मा पिता\पति तिरिशराम वर्मा पता - सिविल लाइन बलौदाबाजार, 99. पी. गंगा रेड्डी पिता\पति मनिंदर पाल आनंद पता - डी. एन. के. कोंडागांव, 100. लोकेश कुमार देशमुख पिता\पति में कुमार देशमुख पता - तिरंगा वार्ड- 7 दुर्ग, 101. ओमप्रकाश देशमुख पिता\पति डोमन लाल देशमुख पता- अंजोर भिलाई, 102. यशवंत यादव पिता\पति अरुण यादव पता- बघेरा वार्ड न. 56 दुर्ग, 103. रेशनी साहू पिता\पति हिरमन लाल साहू पता- पोलसाय पारा दुर्ग, 104. विजय कुमार रामटेके पिता\पति स्व. डेहराराम रामटेके पता- शिवनगर बाँधा तालाब दुर्ग, 105. हेमा चंद्राकर पिता\पति पुराणिक चंद्राकर पता - दीपक नगर दुर्ग, 106. मंजीत कौर भाटिया पिता\पति स्व. इवेल सिंह भाटिया पता- संतरा बाड़ी दुर्ग, 107. दुलसिया बाई पिता\पति स्व. बिसहुवा साहू पता- पदुम नगर चरोदा भिलाई-3, 108. अंशिका गुप्ता पिता\पति श्याम जी गुप्ता पता- कैंप -1 भिलाई, 109. स्वाति साहू पिता\पति पूरण चंद साहू पता-भिलाई, **बिलासपुर संस्करण**- 110. प्रवीण यादव पिता/पति- धनेश यादव, पता शांति नगर हाफा रोड सकरी, बिलासपुर 111. मुस्कान यादव, पिता/पति- कृष्ण कुमार यादव, पता - उसलापुर साईं आनंदम के पास, बिलासपुर 112. रश्मि सेन पिता/पति- स्व. कमल सेन, बिलासपुर पता - होटल अजित के सामने तेली पारा, बिलासपुर 113. आर्यांश जायसवाल, पिता/पति- शैलेन्द्र जायसवाल, पता- नंदू गैरेज के पीछे तेलीपारा बिलासपुर, 114. शैलेंद्र कुमार सोनवानी, पिता/पति- सरजू प्रसाद सोनवानी, पता - छोटी कोनी बिलासपुर, 115. चुम्मन चंद्राकर पिता/पति- गिरधर चंद्राकर, पता - विकाश नगर शांति नगर, बिलासपुर 116. चितगोविंद प्रसाद कौशिक, पिता/पति- स्व. अजीतराम कौशिक, पता- यातायात नगर परसदा, जिला बिलासपुर, 117. मनीष पटेल पिता - रामप्रसाद पटेल, पिता/पति- वार्ड न. 43 पटेल मोहल्ला, बिलासपुर 118. दिलप्रीत सिंह छाबड़ा पिता/पति- जी.एस. छाबड़ा, पता - मित्र बिहार लिंक रोड बिलासपुर, 119. प्रतिमा कश्यप, पिता- रामकिशुन कश्यप, पिता/पति- कुदुदण्ड मिलन चौक बिलासपुर, 120. हरप्रीत सिंह खनुजा, पिता/पति- थान सिंह खनूजा, पता- दयालबंद टिकरापारा बिलासपुर, 121. श्यामसुंदर कुशवाहा पिता/पति- स्व. चंद्रशेखर प्रसाद, पता- मंगला बिलासपुर, 122. सुचिता सिंह पिता/पति- एम.एल. ऊके, पता- भारतीय नगर बिलासपुर, 123. नुमान बाघड़े, पिता/पति- नितिन बाघड़े पता - जरहाभाठा बिलासपुर, 124. राधा सिंह ठाकुर बाघड़े पिता/पति- अजय सिंह ठाकुर पता- सिटी कोतवाली बिलासपुर, 125. श्रेया विश्वकर्मा पिता/पति- बी.पी. विश्वकर्मा पता- तेलीपारा बिलासपुर, 126 मौजी निर्मलकर पिता/पति- सुखदेव निर्मलकर, पता- जुना बिलासपुर, 127. सुन्दर लाल मार्को पिता/पति- स्व. होरीलाल मार्को, पिता/पति- बिनौरी काठाकोनी, जिला बिलासपुर 128. अल्का साहू पिता/पति- राजेन्द्र कुमार साहू, पता- मंगला बिलासपुर, 129. वैभव यादव पिता/पति- विरेन्द्र कुमार यादव, पता नया तालाब के पास सड़क के पास मोपका, जिला बिलासपुर 130. आर्यन गुप्ता पिता/पति- विष्णुकांत गुप्ता पता- कपिल नगर सरकंडा, बिलासपुर 131. पवन विश्वकर्मा पिता/पति- बी.पी. विश्वकर्मा, पता तेलीपारा बिलासपुर, 132. राम किशोर ठाकुर पिता/पति- स्व. तुलसीराम ठाकुर पता - सरकंडा बिलासपुर, **भोपाल संस्करण**- 133. नित्या बलदार पिता\पति -विमल बलदार पता- 727 बागसेवनिया, 134. फातिमा पिता\पति मो. शाहिद पता- 87 नारियल खेड़ा भोपाल, 135. आलिया पिता\पति इमरान 26 पता- जनता नगर करोद, 136. अर्पिता यादव पिता\पति श्रीकांत यादव पता- फ्लैट 8 ड्रीमलैंड अपार्टमेंट ईदगाह हिल्स भोपाल, 137. मयंक उपाध्याय पिता\पति शिवप्रसाद उपाध्याय पता- जीरापुर, 138. लक्ष्मी शर्मा पिता\पति सतीश शर्मा (मावावाला) पता -आवास कॉलोनी जीरापुर, 139. प्रीति राठौर पिता\पति राजेश राठौर पता- आवास कॉलोनी जीरापुर, 140. सुरेन्द्र सिंह पिता\पति जीरापुर, **जबलपुर संस्करण**- 141. अदिति मेहरा पिता\पति कृष्ण कुमार मेहरा पता- कांटी धमनी पाटन, 142. अर्पिता श्रीवास्तव पिता\पति ए.के श्रीवास्तव पता- कांचघर, 143. शशांक सिंह पिता\पति अमर सिंह पता- रिछाई जबलपुर, 144. सुभद्रा पिता\पति अजय पता- जबलपुर आधारताल, 145. शिवा निषाद पिता\पति राम खिलावन निषाद पता- गांधीगंज कटनी, 146. नारायण प्रसाद अग्रहरी पिता\पति द्वारका प्रसाद अग्रहरी पता- राजीव गांधी वार्ड वार्ड नंबर 13 रबर फैक्ट्री साइन मंदिर के पास कटनी मुड़वारा, 147. शशि कोस्टा पिता\पति- स्व. कंदीलाल कोस्टा पता-जगमोहन दास वार्ड नई बस्ती कटनी, 148. मानसी पिता\पति- विजय बाबा नारायण शाह पता- गुरुद्वारा के पास मुरवारा कटनी

नियम एवं शर्ते लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि



## यात्रा में शामिल हुए सर्व हिन्दू समाज के लोग

# गुरु तेगबहादुर के 350 साला शहीदी दिवस पर निकली जागृति यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

गुरु तेगबहादुर साहिब के 350 साला शहीदी दिवस पर नगर में जागृति यात्रा निकाली गई। यात्रा में सिख समाज की महिलाओं ने भजन कीर्तन गाए। जागृति यात्रा गुरुद्वारे से निकलकर नगर के तीनों मार्गों से गुजरी।

गुरु तेगबहादुर साहिब के 350 साला शहीदी दिवस में जागृति यात्रा में सर्व हिन्दू समाज के लोग भी शामिल हुए। समाज प्रमुखों ने कहा कि तेगबहादुर जी एवं उनके परिवार ने हिंदुओ के धर्म की रक्षा के लिए बिना देर किए खुद को एवं अपने परिवार को शहीद होना स्वीकार कर लिया। यात्रा में जगह जगह पानी व नाश्ते का प्रबंध किया गया था। नगर के हृदय स्थल में आयोजित जागृति यात्रा के समापन पर सर्व समाज ने अपनी बात रखी। पत्थलगांव रौनियार समाज के अध्यक्ष जितेन्द्र गुप्ता ने कहा कि हम सब को गुरु तेगबहादुर जी की जीवन गाथा अवश्य पढ़नी चाहिए। कैसे उन्होंने हिन्दू धर्म की रक्षा करने के लिए अपने आप को सशर्त शहीद कर दिया था। अग्रवाल समाज के संभाग अध्यक्ष पवन अग्रवाल ने कहा कि गुरु तेगबहादुर जी ने औरंगजेब की ज्यादती को नहीं स्वीकारा और खुद को शहीदी होना स्वीकार कर लिया ये इस बात को बताता है कि धर्म बचाना जरूरी है भले ही शहीद हो जाएं। जरनैल कौर खालसा ने इस जागृति यात्रा में सिख धर्म की गाथा का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि धर्म की रक्षा के लिए गुरु तेगबहादुर जी ने शहादत दिया। गुरु साहब हमें जीतना भी सिखाते हैं। शहीद होना भी सिखाते हैं। गुरु सिंग सभा के रविंद्र सिंह भाटिया ने गुरु तेगबहादुर की जागृति यात्रा में शामिल हुए सर्व समाज प्रमुखों एवं समाज के लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

■ सिख समाज के लोगों ने गाए भजन-कीर्तन

# एनआईटी राउरकेला ने कैंसर के इलाज के लिए लॉन्ग पेपर पिप्पली कम्पाउंड की खोज की

हरिभूमि न्यूज ⏭ राउरकेला

■ विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की एक रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2022 में कोलन कैंसर के लगभग 19 लाख नए मामले और करीब 9 लाख मौतें दर्ज की गईं

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान राउरकेला एनआईटी राउरकेला के शोधकर्ताओं ने लॉन्ग पेपर पिप्पली/तिप्पिली/मघौन में एक विशिष्ट प्राकृतिक कम्पाउंड यौगिक की पहचान की है जो कोलन कैंसर कोशिकाओं को नष्ट करने का कारगर और सस्ता माध्यम साबित हुआ है। कोलन कैंसर एक जानलेवा बीमारी है जिसमें बड़ी आंत की कोशिकाएँ अनियंत्रित रूप से बढ़ने लगती हैं और ट्यूमर (गांठ) बनाती हैं।

यह अनुसंधान एक निष्कर्ष प्रतिष्ठित जर्नल बायोफैक्टर्स में प्रकाशित हुए हैं। इस शोध पत्र के सह-लेखक, एनआईटी राउरकेला के जीवन विज्ञान विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर, प्रो. बीजेश कुमार बिस्वाल तथा उनके शोधार्थी राजीव कुमार साहू, सुश्री स्तुति बिस्वाल, सम्बित कुमार पात्र और सुश्री शिक्षा स्वरूपा पंडा हैं। यह कार्य डॉ. सूर्य कांत त्रिपाठी (यूनिवर्सिटी ऑफ नॉर्थ कैरोलिना, अमेरिका) तथा कृष्णेंदु बारिक और डॉ. अनिल कुमार (सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ साउथ बिहार) के सहयोग से किया गया है। वैश्विक स्तर पर, कोलन कैंसर सबसे आम प्रकार के कैंसरों में से एक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2022 में कोलन कैंसर के लगभग 19 लाख नए मामले और करीब 9 लाख मौतें दर्ज की गईं। आम तौर पर कैंसर का उपचार कीमोथेरेपी से किया जाता है जिसके दर्दनाक होने के साथ साथ दीर्घकालिक दुष्प्रभाव भी होते हैं, जिनमें बाल झड़ना, थकान, तंत्रिका क्षति और कमजोर प्रतिरक्षा शामिल हैं। इसके अलावा, कैंसर उपचार प्रक्रिया की एक अन्य गंभीर समस्या यह है कि कैंसर कोशिकाएँ कीमोथैरेपी दवाओं के प्रति प्रतिरोध विकसित कर लेती हैं। विभिन्न अंतरराष्ट्रीय कैंसर अनुसंधान अध्ययनों ने प्राकृतिक अणुओं की विभिन्न प्रकार के कैंसरों पर प्रभावशीलता की जाँच की है, लेकिन कोलोरेक्टल कैंसर पर उनके प्रभाव का व्यापक रूप से अध्ययन नहीं किया गया है। इस



संदर्भ में, एनआईटी राउरकेला के नेतृत्व में बहु-संस्थागत शोध टीम ने प्रयोगशाला में कई प्रयोग किए, जिनमें उन्होंने "पाइपरलॉन्ग्यूमीन" नामक एक प्राकृतिक यौगिक की गतिविधि को कीमोथेरपी के विकल्प के रूप में प्रदर्शित किया। शोध टीम ने पाया कि यह यौगिक विशेष रूप से कोलन कैंसर कोशिकाओं को नष्ट करता है, जबकि स्वस्थ कोशिकाएँ अप्रभावित रहती हैं। शोध टीम ने एमटीटी ऐसे एमटीटी ऐसे के माध्यम से पाइपरलॉन्ग्यूमीन से उपचारित कोलन कैंसर कोशिकाओं की जीवित रहने की क्षमता की जाँच की और पाया कि केवल कैंसर कोशिकाएं नष्ट हुई हैं। उन्होंने इन परिणामों को कई परीक्षणों के माध्यम से सत्यापित किया, जिनमें एपोप्टोटिक इंडक्शन, केंद्रक क्षतिग्रस्त, और माइटोकॉनड्रियल डिसफंक्शन शामिल हैं।

## वायरल वीडियो से जुड़े मामले के दो फरार आरोपी गिरफ्तार

रायगढ़। चक्रधरनगर थाने में पंजीबद्ध धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाले वायरल वीडियो प्रकरण में फरार चल रहे दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों में अमित आहुजा और मुकेश नारवानी को पकड़कर न्यायालय में पेश किया, जहां से दोनों को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। ज्ञात हो कि 30 अक्टूबर को सिंधी कॉलोनी बेलादूला निवासी विजय राजपूत सहित अन्य लोगों के विरुद्ध वायरल वीडियो के माध्यम से धार्मिक भावनाओं को भड़काने के संवेदनशील मामले पर पंजीबद्ध किया गया था। इस मामले में धारा 296, 299, 302, 352, 3(5) बीएनएस तथा 66 ईटी एक्ट3(2)क एससी एसटी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई थी। मुख्य आरोपी विजय राजपूत को पुलिस ने गिरफ्तारी के बाद रिमांड पर जेल भेजा जा चुका है। विवेचना के दौरान विजय के मेमोरेंडम बयान में उसके दो साथियों अमित आहुजा और मुकेश नारवानी द्वारा वीडियो बनाने और उसे व्हाट्सऐप पर प्रसारित करने की संलिप्तता सामने आई थी। दोनों आरोपी घटना के बाद से फरार थे। पुलिस द्वारा निरंतर पतासाजी और तकनीकी निगरानी के बाद आज दोनों को गिरफ्तार कर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए रिमांड पर भेज दिया गया। गिरफ्तार आरोपी अमित आहुजा पिता स्व. पुरुषोत्तम आहूजा 35 , मुकेश कुमार नारवानी पिता हरजस लाल नारवानी 51 शामिल है।
















# विजय और जगन्नाथ की फिल्म की शूटिंग हुई पूरी

**मुंबई।** साउथ एक्टर विजय सेतुपति इन दिनों साउथ निर्देशक पुरी जगन्नाथ की अनाम पैन इंडिया फिल्म में काम कर रहे हैं। सोमवार को फिल्म की शूटिंग खत्म हो गई है। इसी मौके का एक खास वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें पुरी और विजय फिल्म के बारे में खास बातें करते नजर आ रहे हैं। विजय काफी समय से निर्देशक पुरी जगन्नाथ की अनाम पैन इंडिया फिल्म की शूटिंग कर रहे थे, जो आज पूरी हो चुकी है। फिल्म के सेट से एक वीडियो पुरी ने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है, जिसमें फिल्म के आखिरी दिन के शूट को लेकर विजय बेहद उदास नजर आए। इस वीडियो में एक्ट्रेस चार्मी कौर वीडियो कॉल पर नजर आ रही हैं।

## लाइफ Style



# श्रद्धा

## शहीद विजय सालस्कर पर बनाएंगी मूवी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अपनी सादगी से फैंस के दिलों पर राज करने वालीं श्रद्धा कपूर जहां इन दिनों पैर में फ्रैक्चर के कारण घर पर आराम फरमा रही हैं, वहीं उन्होंने एक ऐसा खुलासा किया है, जिसके बाद उनके दीवानों की बांछे खिल गई हैं। उन्होंने कंफर्म किया है कि उनकी अगली फिल्म कथित बॉयफ्रेंड राहुल मोदी के साथ होगी।


राहुल मोदी एक राइटर और फिल्ममेकर हैं। श्रद्धा बीते दिनों फिल्म 'ईथा' की शूटिंग के दौरान घायल हो गईं। वह लावणी डांस सीक्वेंस शूट कर रही थीं, जबकि उनका पैर फ्रैक्चर हो गया। एक्ट्रेस ने हेल्थ अपडेट भी दिया है। बताया है कि सेहत में सुधार है। उन्होंने सोशल मीडिया पर सवाल-जवाब सेशन के दौरान मजाक में कहा कि फ्रैक्चर की वजह से वह 'टर्मिनेटर' की तरह घूम रही हैं। उन्होंने बताया कि 'ईथा' के बाद वह राहुल मोदी की एक फिल्म में दिखेंगी, जो स्टार्टअप्स की दुनिया की कहानी होगी। श्रद्धा ने कहा कि फिल्म में उनका रोल बहुत चैलेंजिंग है। श्रद्धा कपूर ने ये भी बताया कि वह बतौर प्रोड्यूसर सुपर फैट स्टूडियो के साथ दो फिल्में को-प्रोड्यूस करने वाली हैं। इनमें से एक फिल्म जाबांज पुलिस अफसर एक पुलिसवाले विजय सालस्कर की कहानी होगी, जो 26/11 हमलों में शहीद हो गए थे। इसे अखिव अली डायरेक्ट करेंगे। विजय सालस्कर ने दगड़ी चॉल में अरुण गवली के गैंग के कई गुंडों का एनकाउंटर किया था। श्रद्धा कपूर ने एक और खुलासा किया कि उन्होंने एक अन्य फिल्म की शूटिंग भी पूरी कर ली है। उन्होंने कहा, 'मैंने एक फिल्म की शूटिंग पहले ही कर ली है।

## हॉलीवुड मसाला



# उदयपुर वेडिंग में दी शानदार प्रस्तुति

**मुंबई।** उदयपुर में नेत्रा मंटेना और वाम्सी गडिराजू की भव्य शादी सुर्खियों में रही। इस शादी में हॉलीवुड की जानी-मानी गायिक जेनिफर लोपेज भी पहुंचीं। सोशल मीडिया पर कुछ वीडियोज वायरल हो रहे हैं, जिसमें जेनिफर स्टेज पर शानदार प्रस्तुति दे रही हैं। वो अपनी परफॉर्मेंस से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करती नजर आ रही हैं। हॉलीवुड डीवा ने रोज-गोल्ड टोन की साड़ी पहनी, जिस पर सीक्विन वर्क की महीन ग्रिड डिजाइन उसे शाही चमक दे रही थी। इसे ऐसे ड्रेप किया गया कि साड़ी और गाउन का मेल एकदम परफेक्ट मॉडर्न-इंडियन फ्यूजन जैसा लगे।



# गैल गैडोट को प्रेग्नेंसी में हुआ था ब्रेन क्लॉट...

**लॉस एंजिल्स।** 'वंडर वुमन' स्टार गैल गैडोट ने पिछले साल हुए अपने हेल्थ इश्यू को लेकर खुलकर बात की है। उन्होंने बताया कि कैसे उनके सिर में दर्द रहने लगा। उनकी मां ने उन्हें एमआरआई करवाने के लिए कहा। जब डॉक्टर ने उन्हें बताया कि उनके दिमाग में थक्का जम गया है तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। ये सोचने लगीं कि क्या वो जिंदा बच पाएंगी। वो तब 8 महीने की प्रेग्नेंट थीं। एक्ट्रेस ने आगे कहा, 'उस पल से मैं कुछ भी समझ नहीं पा रही थी। अंग्रेजी तो मानो खिड़की से बाहर हो गई थी। मेरे पति अलग-अलग डॉक्टरों से बात कर रहे थे और मैं बस यही सोच रही थी कि क्या मैं मर जाऊंगी? क्या मरने से पहले ऐसा ही महसूस होता है? क्या वे मुझे बचा पाएंगे?... क्या बच्चा ठीक रहेगा?' गैल गैडोट ने याद करते हुए बताया कि उन्हें सेरेब्रल वेनस थ्रोम्बोसिस (सीवीटी) का पता चला था।



# 120 बहादुर में दिखाया अभिनय का कमाल


**जयपुर।** भारत-चीन युद्ध पर आधारित बहुप्रतीक्षित फिल्म '120 बहादुर' में जयपुर की अभिनेत्री लक्ष्मी सुराणा ने मेजर शैतान सिंह भाटी की मां का किरदार निभाकर दर्शकों का दिल जीत लिया है। थिएटर से अपने सफ़र की शुरुआत करने वाली लक्ष्मी ने बॉलीवुड में कम समय में वेब सीरीज, फिल्मों और विज्ञापनों में अपनी पहचान बनाई. राजस्थानी लोकनृत्य, विशेष रूप से कालबेलिया में महारथ रखने वाली लक्ष्मी सुराणा का कहना है कि यह फिल्म 120 अमर वीरों की आवाज़ है और इसमें काम करना उनके लिए गर्व की बात रही। इस फिल्म में फरहान अख्तर द्वारा निभाए गए मेजर शैतान सिंह भाटी की मां का किरदार जयपुर की अभिनेत्री लक्ष्मी सुराणा ने निभाया है, जिसे लोग खूब पसंद कर रहे हैं।




# धनुष-मृणाल में चल रही इश्क की गुटर-गु

**मुंबई।** ऐश्वर्या रजनीकांत से अलगाव के तीन साल बाद धनुष और मृणाल ठाकुर के बीच इश्क की अफवाहों ने एक बार फिर जोर पकड़ा है। धनुष और ऐश्वर्या ने साल 2022 में अलग होने की घोषणा की थी, जबकि बीते साल 2024 में दोनों ने कानूनी रूप से तलाक ले लिया। इसी बीच धनुष का नाम साउथ और बॉलीवुड फिल्मों की हसीना मृणाल ठाकुर से जुड़ने लगा। अब एक बार फिर दोनों के बीच इश्क के गुटर गु की चर्चा है। माजरा फिल्ममेकर संजय लीला भंसाली की नई रोमांटिक ड्रामा 'दो दीवाने सहर में' से जुड़ा है, जिसमें मृणाल ठाकुर और सिद्धांत चतुर्वेदी लीड रोल में हैं। बीते 21 नवंबर को मेकर्स ने 'दो दीवाने सहर में' की आधिकारिक घोषणा करते हुए फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज किया। सोशल मीडिया पर कई सेलेब्स ने इस पोस्ट पर प्रतिक्रिया दी।

## टीवी मसाला



# बिग बॉस 19 में फिनाले से पहले नॉमिनेशन टास्क में बवाल...

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 अब अपने उस जर्नी पर है जहां कंटेस्टेंट्स के आपसी लड़ाई-झगड़े खत्म हो जाते हैं और उनके बीच एक अलग बॉन्डिंग दिखने लगती है। न कॉफी, चिकन और खाना बनाने की लड़ाई बचती है और न ही काम के बंटवारे को लेकर किसी तरह की नोंकझोंक। ऐसा लगने लगता है जैसे अब सब भारी मन से इस खेल के फाइनल होने का इंतजार कर रहे हैं। लेकिन नहीं, यहां भी 'बिग बॉस 19' के कंटेस्टेंट्स को चैन नहीं है। दरअसल, हुआ यूं कि फिनाले से पहले 'बिग बॉस' ने नॉमिनेशन टास्क करवाया और इसी बीच कुछ ऐसा हुआ कि मालती चाहर ने तान्या मित्तल को थप्पड़ लगा दिया। इस शो का फिनाले 7 दिसंबर को होने जा रहा है और अब घर में केवल 8 सदस्य बचे हुए हैं। इन 8 सदस्यों में से भी कुछ को बाहर होना है और इसके लिए 'बिग बॉस' ने नॉमिनेशन टास्क रखा। यानी घरवालों के ये वोट डिसाइड करेंगे कि अब कौन सा सदस्य होगा जिन्हें घर से बाहर निकलना होगा। इस शो के नए प्रोमो में नॉमिनेशन टास्क को देखकर फिर से ऐसा लग रहा है कि शो में एक बार फिर से मिड वीक एविक्शन होनेवाला है। इस टास्क में सभी घरवालों को कंटेस्टेंट्स को नॉमिनेट करने का मौका दिया गया। सबने अपनी-अपनी वजह गिनाते हुए एक-दूसरे को नॉमिनेट भी किया। वहीं, तान्या ने कुछ ऐसा किया कि मालती चाहर ने गुस्से में उनपर हाथ ही उठा दिया। दरअसल, इस नॉमिनेशन टास्क में 'बिग बॉस' ने कहा कि घरवाले जिन्हें नॉमिनेट करना चाहते हैं वो उनके चेहरे पर स्टैम्प लगा दें।

## अश्लेषा और संदीप ने की शादी

**नई दिल्ली।** 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' के सेट पर मिलने वाले कपल अश्लेषा सावंत और संदीप बसवाना ने शादी कर ली है। दोनों पिछले 23 साल से लिव-इन रिलेशनशिप में थे और आखिरकार उन्होंने शादी कर ली है। वेडिंग फोटोज शेयर करते हुए उन्होंने नोट भी लिखा है। संदीप ने बताया, 'अश्लेषा और मैं अप्रैल में वृंदावन गए थे और वहां के राधा-कृष्ण मंदिरों से गहरा जुड़ाव महसूस किया।' उन्होंने आगे कहा, 'उस यात्रा ने हमें 23 साल साथ रहने के बाद शादी करने के लिए प्रेरित किया। हमारे माता-पिता सबसे ज्यादा खुश हैं—वे लंबे समय से इसका इंतजार कर रहे थे। हम इसे सादगी से करना चाहते थे और भगवान कृष्ण के मंदिर में शादी करने से बेहतर और क्या हो सकता था।' दोनों ने शादी की खूबसूरत फोटोज शेयर करते हुए लिखा, 'और बस इसी तरह, मिस्टर और मिसेज के रूप में हमने एक नए अध्याय में कदम रखा... परंपरा ने हमारे दिलों में जगह बना ली।



# एक्टिंग छोड़ बौद्ध भिक्षु बनी थी ये एक्ट्रेस ...

**नई दिल्ली।** 90 के दशक में फिल्म इंडस्ट्री में नाम कमाना कोई आसान काम नहीं था, लेकिन बरखा मदान को यह शोहरत और पहचान बहुत पहले ही मिल गई, जिन्हें अब ग्याल्टेन समतेन के नाम से जाना जाता है। हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाने से पहले, बरखा मदान ने कई सालों तक एक मॉडल के तौर पर काम किया। वह 1994 में फेमिना मिस इंडिया पेजेंट में हिस्सा लेने वालों में से एक थीं। सुष्मिता विनर बनीं, ऐश्वर्या फर्स्ट रनर-अप रहीं और बरखा को मिस इंडिया टूरिज्म चुना गया। मॉडलिंग इंडस्ट्री में पहचान बनाने के बाद बरखा ने हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में आने का फैसला किया और डायरेक्टर उमेश मेहरा ने उन्हें अपनी फिल्म खिलाड़ियों का खिलाड़ी में एक्टिंग डेब्यू कराया। कुछ फिल्मों में नजर आने के बाद 2012 में, बरखा मदान ने अनाउंस किया कि उन्होंने एक्टिंग छोड़ दी है और हिंदी फिल्म इंडस्ट्री छोड़ दी है। यह सबके लिए एक बड़ा शॉक था, क्योंकि कहा जाता है कि उन्हें अपनी जबरदस्त एक्टिंग रेंज की वजह से कई फिल्म प्रोजेक्ट्स मिल रहे थे। लामा जोपा रिनपोछे की देखरेख में बरखा बौद्ध भिक्षु बन गईं और अपना नाम बदलकर वेन. ग्याल्टेन समतेन रख लिया।



# इस सप्ताह ओटीटी पर आने वाली हैं ये कमाल की फिल्में और सीरीज

**नई दिल्ली।** सिनेमाघरों में जाकर फिल्में देखने का शौक अपने आप में खास है और यह जारी है। मगर, इससे इतर ओटीटी एक बड़ा प्लेटफॉर्म बन गया है। थिएटर में जो लोग किन्हीं कारणों से फिल्में देखने नहीं जाते, उन्हें पसंदीदा फिल्मों की ओटीटी रिलीज का इंतजार होता है। वहीं, वेब सीरीज तो खैर ओटीटी पर रिलीज ही होती हैं। इस सप्ताह भी पिटारे में काफी कुछ खास है।

***सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी :*** वरुण धवन और जान्हवी कपूर अभिनीत यह फिल्म इस साल अक्टूबर में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब फिल्म ओटीटी दर्शकों के लिए आ रही है। यह रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है। यह फिल्म 27 नवंबर से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। फिल्म का निर्देशन शशांक खैतान ने किया है।

***कांतारा चैप्टर 1 :*** ऋषभ शेट्टी अभिनीत यह फिल्म भी अक्टूबर में रिलीज हुई थी। सिनेमाघरों में धमाल करने के बाद यह ब्लॉकबस्टर फिल्म अब



ओटीटी पर रिलीज होने वाली है। हालांकि, फिल्म का दक्षिण भारतीय संस्करण (तमिल, कन्नड़, तेलुगु, तमिल और मलयालम) पहले ही ओटीटी पर दस्तक दे चुका है। अब हिंदी दर्शकों के लिए भी यह फिल्म आ रही है। हिंदी में यह फिल्म 27 नवंबर से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी।

***रक्तबीज 2 :*** फिल्म 'रक्तबीज 2' भी इस सप्ताह की ओटीटी लिस्ट में शामिल है। यह फिल्म सितंबर में रिलीज हुई थी। अब नवंबर के आखिरी वीक में इसकी डिजिटल रिलीज हो रही है। फिल्म की कहानी एक आतंकवाद-रोधी दस्ते पर आधारित है, जो नेता मुनीर आलम को रोकने की कोशिश कर रहा है, ताकि भारत और बांग्लादेश के बीच अराजकता फैलाने की उसकी योजना को असफल किया जा सके। यह फिल्म साल 2023 में आई 'रक्तबीज' का सीक्वल है। 28 नवंबर से यह फिल्म जी5 पर देखी जा सकेगी।

***आर्यन :*** यह तमिल भाषा की क्राइम थ्रिलर फिल्म है। इसमें विष्णु विश्वाल, श्रद्धा श्रीनाथ, मानसा चौधरी और सेल्वराघवन हैं। एम. घिबरण के निर्देशन में बनी इस फिल्म की स्ट्रीमिंग 28 नवंबर से नेटफ्लिक्स पर होगी।

***द पेट डिटेक्टिव :*** यह एक मलयालम भाषा की एक्शन-कॉमेडी थ्रिलर फिल्म है। एक क्विर्की डिटेक्टिव पेट्स से जुड़े रहस्य को सुलझाती है। यह फिल्म हास्य, सस्पेंस और दिल को छू लेने वाले कुछ लम्हों से लबरेज है। ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर यह फिल्म 28 नवंबर को रिलीज हो रही है।

***रैगई :*** यह एक क्राइम ड्रामा सीरीज है। सात एपिसोड की सीरीज के पहले एपिसोड में सब-इंस्पेक्टर वेट्री को एक चौंकाने वाली बात पता चलती है। कॉन्स्टेबल संथिया एक आइस-कार्ट बेचने वाले की रहस्यमयी मौत की जांच कर रही होती है। उसी दौरान पिघलती बर्फ के नीचे से एक कटा हुआ हाथ मिलता है। यही घटना आगे की पूरी जांच को नए और डरावने मोड़ पर ले जाती है।

## हर कहानी में थ्रिल की भरमार, झन्नाटेदार हैं सबके क्लाइमैक्स

# दिमाग को तार-तार कर देंगी ये 7 साइकोलॉजिकल फिल्में

***नई दिल्ली।*** *इन दिनों ओटीटी पर अलग-अलग जॉनर की अनगिनत फिल्में मौजूद हैं, लेकिन कई बार समझ नहीं आता कि कौन-सी देखी जाए। अगर आप थ्रिलर फिल्में देखना पसंद करते हैं, हम आपको 7 मूवी बताते हैं, जिनकी कहानियां और क्लाइमैक्स आपके होश उड़ देंगे। इस लिस्ट में साउथ सुपरस्टार मोहनलाल की 'दृश्यम' से लेकर बॉलीवुड एक्ट्रेस विद्या बालन की 'कहानी' तक शामिल हैं।*



**नो स्मोकिंग :** जॉन अब्राहम की यह फिल्म एक ऐसे व्यक्ति के बारे में है, जिसे स्मोक करने की लत है। इस वजह से उसकी पत्नी उसे छोड़ देती है, जिसके बाद वह एक रिहैब केंद्र में जाता है और फिर चीजें अजीब और डरावनी हो जाती हैं। साल 2007 में रिलीज हुई इस मूवी को आप अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

**गजनी :** इसमें आमिर खान ने लीड रोल निभाया है। इसकी कहानी संजय सिंघानिया नाम के किरदार के इर्द-गिर्द घूमती है, जो हर 15 मिनट में अपनी याददाश्त खो देता है। वह अपनी प्रेमिका की मौत का बदला लेने के लिए पूरे शरीर में दुश्मनों के नाम और उनके नंबर गुदवा लेता है। यह फिल्म अमेज प्राइम वीडियो पर मौजूद है।



**कहानी :** साल 2012 में रिलीज हुई यह फिल्म एक गर्भवती महिला की कहानी है, जो लंदन से कोलकाता अपने गुमशुदा पति की तलाश में आती है। लेकिन क्लाइमैक्स में ऐसा चौंकाने वाला खुलासा होता है कि होश उड़ जाते हैं। विद्या बालन की यह नेटफ्लिक्स पर अवेलेबल है।



**तलाश :** आमिर खान ने इस मूवी में इंस्पेक्टर सुर्जन सिंह शेखावत का किरदार निभाया है, जो एक कार दुर्घटना की जांच करता है। इस घटना में एक एक्टर की जान चली जाती है। इस बीच उसकी एक मिस्ट्री गर्ल से मुलाकात होती है, जो पूरी कहानी पलट देती है।




**तलवार :** यह फिल्म नोएडा डबल मर्डर केस पर आधारित है। इसमें एक वरिष्ठ अधिकारी कई जांचकर्ताओं के बीच सच्चाई का पता लगाने की कोशिश करता है कि आखिर किसने किशोरी और घरेलू नौकर की हत्या की है। इसे अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

**लूसिया :** साल 2013 में रिलीज हुई यह मूवी निक्की नाम के किरदार के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसे अनिद्रा की समस्या है। वह लूसिया नाम की एक रहस्यमयी गोली लेता है। इसके बाद वह सपनों में जीने लगता है और हकीकत खतरनाक रूप से धुंधली होने लगती है।

खबर संक्षेप



## पुसौर के बोरोडिपा में तोड़े गए अवैध कब्जा

**पुसौर।** नगर पंचायत पुसौर द्वारा बोरोडिपा चौक में हुए अवैध कब्जे को तोड़कर वहां यात्रि प्रतिक्षालय निर्माण करने की कवायद की गई है जिसके लिए नपं पुसौर अवैध कब्जाधारी को लगातार सूचना दिया जा रहा था। जिसमें उसके द्वारा स्वयं अपने कब्जा को नहीं हटाने से नगर पंचायत प्रशासन ने अवैध कब्जा हटाया। ज्ञात हो कि बोरोडिपा चौक के रोड किनारे की बेसकिमती जमीन को अवैध कब्जा कर कई लोगों ने बिक्री कर दिया है। कई नामदार खरीद कर वहां अपना व्यवसाय चला रहे हैं और आलीशान मकान बनाकर कर कई लोग किराया लें रहे हैं। वर्तमान स्थिति में बोरोडिपा में वास्तविक निवासी 10 प्रतिशत हैं शेष लोग आबंटित आवास भूमि को खरीदकर मकान बनाए हैं जिन्हें बहुत बाद में संबंधित भूमि का प्रमाण पत्र मिला है।

## प्राइस सपोर्ट स्कीम में उपार्जन के लिए अवधि तय

**रायगढ़।** कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा गतवर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान पीएम आशा के तहत प्राईस सपोर्ट स्कीम पीएसएस के अंतर्गत खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अधिसूचित फसलें अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफली, सोयाबीन एवं रबी विपणन वर्ष 2026-27 हेतु अधिसूचित फसलें चना, मसूर एवं सरसों का न्यूनतम समर्थन मूल्य पर प्राथमिक सहकारी समिति पैक्स के माध्यम से उपार्जन किया जा रहा है। कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने प्रदेश के किसानों से एकीकृत किसान पोर्टल में अपने फसल रकबे का पंजीयन कराने की अपील की है। खरीफ फसलें मूंग, उड़द, मूंगफली एवं सोयाबीन की उपार्जन अवधि 01 दिसंबर 2025 से 28 फरवरी 2026 एवं अरहर फसल हेतु 15 फरवरी 2026 से 15 मई 2026 है तथा रबी फसलें सरसों हेतु उपार्जन अवधि 15 फरवरी 2026 से 15 मई 2026 एवं चना, मसूर फसल हेतु उपार्जन अवधि 01 मार्च 2026 से 30 मई 2026 है। कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने किसानों से अपील करते हुए कहा है कि खरीफ फसलें अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफली, सोयाबीन के उत्पाद के विक्रय हेतु अपने नजदीकी सहकारी समितियों में जाकर एकीकृत किसान पोर्टल में अपने फसल रकबे का अनिवार्य रूप से पंजीयन करावें।

## रिक्त पदों के लिए पर मेरिट सूची जारी

**रायगढ़।** जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में अतिथि शिक्षकों की भर्ती हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए थे। प्राप्त आवेदनों में पात्र अपात्र एवं निरस्त आवेदनों की सूची जिले के शासकीय वेबसाईट एवं एकलव्य विद्यालयों तथा कार्यालय के सूचना पटल पर प्रकाशन कर दावा आपत्ति आवेदन 28 मंगाए गए, जिसमें किसी भी प्रकार का कोई दावा आपत्ति आवेदन प्राप्त नहीं हुआ। जीव विज्ञान की संशोधित अंतिम मेरिट सूची जारी किया गया है।

न्यायालय तहसीलदार रायगढ़
जिला- रायगढ़ (छ.ग.)
-:: ईश्तहार ::-
रा.प्र.क्र.. ../अ-21/2025-26
ग्राम- दरोगामुड़ा तह. रायगढ़

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक गोपालचंद बिरूवा पिता स्व. मानसिंह बिरूवा जाति हो निवासी रेलवे बंगलापारा द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर ग्राम दरोगामुड़ा तहसील व जिला रायगढ़ में उसके भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नम्बर 281/8 रकबा 1200 वर्गफुट आवासीय प्रयोजनार्थ व्यपवर्तित भूमि को क्रेता अखिलेश श्रीवास पिता स्व. दिनेश श्रीवास जाति नाई को विक्रय करने हेतु अनुमति प्रदान किये जाने का निवेदन किया गया है।

प्रस्तुत आवेदन पर इस न्यायालय में दिनांक 27/11/25 को सुनवाई नियत की गई है। उक्त संबंध में किसी को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत दिनांक तक दावा/आपत्ति इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13/11/2029 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी।

तहसीलदार
रायगढ़ (छ.ग.)

### कई स्कूलों का रिजल्ट 50 प्रतिशत से कम, कुछ ही 90 फीसदी तक पहुंच सके

# गुरुजी अन्य कार्यों में व्यस्त, इधर स्कूलों में तिमाही परीक्षा का रिजल्ट हुआ खराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले के सरकारी स्कूलों में बच्चों की पढाई भगवान भरोसे चल रही है । बच्चे स्कूल तो जा रहे हैं, लेकिन वहां पढाई व्यवस्था ठप्प हो चुकी है। हालात यह है कि दसवीं-बारहवीं की तिमाही परीक्षा का रिजल्ट बेहद ही निराशाजनक है। छात्रों का रिजल्ट बिगड़ने की मुख्य वजह शिक्षकों को अन्य कई तरह के कार्यों में लगा देना है। कभी जाति प्रमाण पत्र, अपार आईडी तो अभी वर्तमान में एसआईआर के कार्यों में लगा दिया गया है। अगले दिसंबर से छमाही परीक्षा होने वाली है। इसकी तैयारी भी ठीक से नहीं हो पा रही है। शैक्षणिक सत्र का आधा समय गुजर गया है, लेकिन स्कूलों में सिलेबस तक पूरा नहीं हो सका है।

- अगले महीनें होगी अर्धवार्षिक परीक्षाएं, फरवरी में बोर्ड लेकिन सिलेबस अब तक अधूरा

शिक्षक कोर्स पूरा करने की जद्दोजहद के बीच गैर शैक्षणिक कार्यों में लगे हुए हैं। जिले में कुछ स्कूलों को छोड दे तो किसी अन्य स्कूल का रिजल्ट 90 प्रतिशत तक नहीं पहुंच पाया है। जिले में खरसिया, पुसौर, लैंलूगा और रायगढ में से ही दोनों कक्षाओं में 13-13 छात्र-छात्राएं 90 प्रतिशत या उससे अधिक तक पहुंच सके हैं।

वहीं धरमजयगढ, घरघोडा और तमनार के किसी भी स्कूल का रिजल्ट 90 प्रतिशत तक नहीं पहुंच सका है। ऐसे में यह सवाल उठ रहा है कि इन हालातों में किस तरह जिला बोर्ड के परीक्षाओं में टॉप 10 में जगह बना सकेगा।



### स्कूलों में ही लगा है कैंप

एसआईआर के लिए शिक्षकों को फील्ड पर उतारा दिया गया है। वहीं कई क्षेत्रों में स्कूल परिसर में ही एसआईआर के लिए कैंप लगा दिया गया है। ऐसे में छात्रों की पढाई प्रभावित हो रही है।बच्चे हर रोज घर से पढने का आस लिए स्कूल आते हैं लेकिन स्कूलों में पढाने के लिए गुरूजी ही नहीं है। शिक्षा विभाग से मिले आंकडों को देखा जाए तो जिले के विभिन्न स्कूलों से कुल 941 शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। कुछ स्कूल तो ऐसे भी है जहां केवल तीन शिक्षक है उसमें से दो की ड्यूटी एसआईआर में लगी है।

### ऐसे कैसे टॉप 10 में जिला बनाएगा जगह

पिछले माह सरकारी स्कूलों में दसवीं व बारहवीं की तिमाही की परीक्षाएं सपन्न हुई । इन परीक्षा के परिणामों पर गौर किया जाए तो हैरानी होगी । कई ब्लॉक के स्कूलों का परिणाम 50 प्रतिशत से भी कम है। ब्लॉकवार डाटा देखा जाए तो सबसे खराब स्थिति में धरमजयगढ क्षेत्र के स्कूलों की है। जहां दोनों ही कक्षाओं में सबसे ज्यादा 615 और 347 छात्र फेल हुए हैं। शिक्षकों की अन्य कार्यों में ड्यूटी लगाने से बच्चों का रिजल्ट खराब हो सकता है।



## दृष्टि अभियान सुधार रहा बच्चों की आंखों की सेहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिंदल फाउंडेशन ने जिला प्रशासन रायगढ़ के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों की आंखों की सेहत के लिए एक महत्वपूर्ण पहल शुरू की है। फाउंडेशन द्वारा संचालित दृष्टि अभियान के तहत आसपास के गांवों के शासकीय विद्यालयों में विशेष नेत्र जांच शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में किरोड़ीमल नगर स्थित शासकीय विद्यालय में मंगलवार को शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान जांच के उपरांत जिन बच्चों को चिकित्सकों ने चश्मा लगाने की सलाह दी, उन्हें जिंदल फाउंडेशन द्वारा निशुल्क चश्मा भी उपलब्ध कराया गया।

आज के डिजिटल युग में बढ़ते स्क्रीन टाइम के कारण कम उम्र में ही बच्चों की आंखों की कमजोरी एक आम समस्या बनती जा रही है। विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में समय पर जांच के अभाव में यह परेशानी और गंभीर हो जाती है। इसी चिंता को ध्यान में रखते हुए जिंदल फाउंडेशन ने जिला प्रशासन रायगढ़ के मार्गदर्शन में बच्चों की आंखों की जांच और उपचार हेतु दृष्टि अभियान की शुरुआत की है। अभियान के अंतर्गत जिंदल स्टील लिमिटेड के रायगढ़ संयंत्र के आसपास स्थित 62 शासकीय विद्यालयों में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा विद्यार्थियों की आंखों की जांच की जा रही है। जिन बच्चों को चश्मे की आवश्यकता पाई जा रही हैए उन्हें निःशुल्क चश्मे भी जिंदल फाउंडेशन द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे हैं। मंगलवार को अभियान के तहत किरोड़ीमल नगर स्थित स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया गया, जिसका उद्घाटन जिंदल स्टील लिमिटेड, रायगढ़ के कार्यपालन निदेशक सब्यसाची बंद्योपाध्याय ने किया। इस अवसर पर बंद्योपाध्याय ने बताया कि कलेक्टर रायगढ़ मयंक चतुर्वेदी ने बच्चों में बढ़ती आंखों की समस्या के निदान की दिशा में पहल की थी। इस विषय पर जिला प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित करते हुए जिंदल फाउंडेशन द्वारा दृष्टि अभियान की शुरुआत की गई। उन्होंने बताया कि अब तक तकरीबन 1500 बच्चों की आंखों की जांच की जा चुकी है, जिनमें से 300 से अधिक बच्चों को आवश्यकता अनुसार चश्मा भी प्रदान किया गया है। अभियान लगातार जारी है और इसका उद्देश्य अधिक से अधिक बच्चों को लाभांन्वित करना है। उन्होंने जिला प्रशासन के सहयोग और मार्गदर्शन के लिए आभार भी व्यक्त किया। इस दौरान किरोड़ीमल नगर के वरिष्ठ नागरिक विजय अग्रवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष हरिकिशोर चंद्रा, विकास शर्मा, मनीष शर्मा, राजकिशोर सिंह, मोहम्मद इकबाल, शाला की प्राचार्य श्रीमती एम केरकेट्टा, जिंदल स्टील के एक्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट संजीव चौहान, एचआर प्रमुख प्रवीण जॉर्ज, सीएसआर प्रमुख अपूर्व चौधरी सहित बड़ी संख्या में शिक्षक शिक्षिकाएं, विद्यार्थी एवं सीएसआर टीम के सदस्य उपस्थित रहे।

## ग्रामीणों ने की मकान निर्माण पर रोक लगाने की मांग




**पुसौर।** पुसौर तहसील क्षेत्र के ग्राम सुकुलभठली के सड़क मद की जमीन ख.नं.201 रकबा 0.777 हे. में अवैध रूप से कब्जा कर मकान बनाया जा रहा है। जिसमें ग्रामीणों ने तहसीलदार व जनपद सीईओ को से रोक लगाने की मांग की है। उक्त भूमि पुसौर के पेट्रोल पंप के बगल से कुछ दूर पर स्थित है। जो कि सड़क मद की भूमि है जिसमें आनंद पिता दाता राम, विजय पिता दाताराम, चित्रा पति दाता राम तथा सुशील पिता दाताराम द्वारा मकान बनाया जा रहा है। उक्त मकान पीएम आवास तथा निजी राशि से बनाया जा रहा है जिस पर रोक लगाने की मांग ग्रामवासियों ने की है। ग्रामीणों का कहना है कि उक्त मकानों के निर्माण हो जाने से रायगढ़ पुसौर मार्ग अवरूद्ध हो जाएगा। चूंकि ये सड़क मद के ही सरकारी जमीन में बना रहे हैं।

## किसानों को रकबा पंजीयन कराने में दिक्कत, तहसील का लगा रहे चक्कर



**पुसौर।** किसान पंजीयन का समय 25 नवम्बर तक दिया गया है। वहीं किसान अपनी फसल का रकबा पंजीयन कराने तहसील का चक्कर काट रहे हैं। जिसमें कभी सर्वर डाउन रहता है, कभी बाबू नहीं रहता तो कभी साहब नहीं रहते। इस तरह के परेशानी को लेकर किसान रोज तहसील आ रहे हैं।

जानकारी के मुताबिक यह परेशानी एग्रीस्टेक में पंजीयन नहीं होने से आ रही है। कई किसानों का रकबा दिखा नहीं रहा है जिसमें किसानों को पंजीयन कराने एड़ी चोटी का जोर लगाना पड़ रहा है। किसानों नें बताया कि एग्रीस्टेक में रकबा दर्ज है या नहीं इसके जानकारी के लिए तहसील आना पड़ रहा है। पुसौर जनपद के पूर्व उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक प्रतिनिधि रोहित पटेल जो कि क्षेत्र के बड़े किसान भी है इन्होंने बताया कि सरकार ने गिरदावरी और डीएससी मिलान होने पर ही धान का पंजीयन होगा ऐसा फरमान जारी कर दिया है।

जिसके लिए बार बार तहसील, पटवारी और लोक सेवा सेंटर में दौड़ना पड़ रहा है। ज्ञात हो कि 24 नवम्बर के शाम तक किसानों का भीड़ तहसील कार्यालय में लगा रहा। कार्यालय के एक कर्मचारी निकिता सिंह किसानों का एक एक करके कम्प्यूटर आपरेटर के जरिए नाम चढवा रहे थे जो कभी धीरे था और इस बीच किसानों को दुर्व्यवहार का भी सामना करना पड़ता था।




## कुष्ठ रोगियों की पहचान और जांच के लिए दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत कुष्ठ रोग की पहचान,जांच एवं उपचार विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में जिले के सभी विकासखंडों से मैदानी स्वास्थ्य कार्यकर्ता आरचओ एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम के सदस्य सम्मिलित हुए।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अनिल कुमार जगत ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि कुष्ठ एक संक्रामक रोग है, जो संक्रमित व्यक्ति के खांसने छींकने से उत्पन्न ड्रॉपलेट के माध्यम से फैलता है। यह रोग शरीर में धीमी गति से बढ़ता है तथा इसके स्पष्ट लक्षण दिखाई देने में कुछ सप्ताह से लेकर 20 वर्षों तक का समय लग सकता है। कार्यक्रम का संचालन जिला कार्यक्रम अधिकारी सुश्री रंजना पैंकरा द्वारा किया गया। प्रथम दिवस के प्रशिक्षण में चाम्पा मिशन अस्पताल टीएलएम के विशेषज्ञ डॉ. सौरभ आनंद एवं फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. रश्मि नायक तथा द्वितीय दिवस डॉ. रूबी एवं डॉ. रश्मि नायक द्वारा कुष्ठ रोग की त्वरित पहचान, जांच प्रक्रिया, एमडीटी दवा द्वारा उपचार, कुष्ठ जीवाणु से होने वाली विकलांगता की रोकथाम, जल तेल सेल्फ केयर थेरेपी तथा रोगियों के पुनर्वास संबंधी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. टीजी कुलवेदी ने बताया कि वर्ष 2030 तक कुष्ठ रोग का पूर्ण उन्मूलन करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वर्तमान में रायगढ़ जिले का प्रसार दर 3.26 हैए जिसे घटाकर 1 से कम लाना प्राथमिक उद्देश्य है। इसके लिए सभी विकासखंडों में घर-घर सर्वे करके संदिग्ध मरीजों की पहचान एवं समाज में व्याप्त भ्रांतियों को दूर करने जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में डीएचओ डॉ. भानू पटेल, फिजियोथेरेपिस्ट अनिता पटेल, एनएमए एमपी साहू, दिनेश यादव, गौतम सिदार सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## डकैती की योजना में चार शातिर बदमाश गिरफ्तार



- बिरसा मुंडा स्टेडियम के पास प्लांट साइट पुलिस की कार्यवाई

**राउरकेला।** प्लांटसाइट थाना क्षेत्र में पुलिस ने समय रहते एक बड़ी आपराधिक वारदात को होने से रोकते हुए चार कुख्यात अपराधियों को गिरफ्तार किया है। मामला प्लांटसाइट थाना कांड संख्या 24 नवंबर धारा 310(4)310(5) बी एन एस तथा 25(1) आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज किया गया है।

23/24 नवंबर की रात एसआई एन दलेई और उनकी टीम क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान विश्वसनीय सूचना पर पुलिस टीम ने बिरसा मुंडा एथलेटिक स्टेडियम के गेट नंबर.02, बिसरा रोड के पास छापेमारी कीए जहाँ पाँच आरोपी एक सुनसान इलाके में इकट्ठा होकर राहगीरों, आसपास के घरोंए दुकानों व पेट्रोल पंप से डकैती की तैयारी कर रहे थे। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई कर रबी राय, अजय यादव, आदित्य साहू व सोनू सिंह को मौके पर पकड़ लियाए जबकि एक आरोपी लाला उर्फ आलोक गारडिया फरार हो गया। इनके पास सेलोहे की तलवारें व चाकू बरामद हुआ। पुलिस की तत्परता से एक संभावित गंभीर अपराध घटने से बच गया। गिरफ्तार रबी राय 26 वर्ष निवासी गुरुद्वारा रोड, थाना प्लांटसाइट, अजय यादव 30 वर्ष निवासी गोपबंधुपल्ली थाना प्लांटसाइट, आदित्य साहू 20 वर्ष निवासी महाताब रोड थाना प्लांटसाइट व सोनू सिंह 20 वर्ष निवासी गांधी रोड, थाना प्लांटसाइट हैं। पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर दिया है। थाना प्लांटसाइट पुलिस फरार आरोपी लाला उर्फ आलोक गारडिया की तलाश जारी रखे हुए है। इनमें से कई के खिलाफ संगीन मामलों में वांछित और लम्बा आपराधिक इतिहास, जिसमें हत्या प्रयास, दुष्कर्म, डकैती की तैयारी, एससी एसटी एक्ट, आर्म्स एक्ट और एक्सप्लोसिव सब्सटेंस एक्ट सहित 20 से अधिक मामले दर्ज हैं।



## आरएसपीए आईजीएच के डॉ. मनोज हुए सम्मानित

**राउरकेला।** सेल, राउरकेला इस्पात संयंत्र आरएसपी के लिए गर्व की बात है कि इस्पात जनरल हॉस्पिटल आईजीएच के अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ. मनोज पाणिग्रही को ओडिशा सरकार के परिवार कल्याण निदेशालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने राज्य स्तर पर सम्मानित किया है। यह सम्मान साल 2024-25 के दौरान सबसे ज़्यादा नसबंदी कराने में उनके योगदान के लिए दिया गया। सम्मान समारोह 21 नवंबर को गीत गोविंद सदन, भुवनेश्वर में हुआए जहाँ स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने डॉ. पाणिग्रही को 5,000 रुपए के नकद पुरस्कार के साथ प्रशस्ति प्रमाणपत्र दिया। यह पुरस्कार परिवार नियोजन की कोशिशों में पुरुषों की भागीदारी को बढ़ावा देने और इलाके में प्रजनन स्वास्थ्य सेवाएँ को मज़बूत करने के उनके प्रतिबद्धता को दिखाता है। डॉ. मनोज पाणिग्रही की यह कामयाबी सेल, राउरकेला इस्पात संयंत्र के तहत इस्पात जनरल हॉस्पिटल के चिकित्सा बिरादरी के समर्पण, विशेषज्ञता और सेवा उन्मुख दृष्टिकोण को दिखाती है। यह जन स्वास्थ्य लक्ष्य को आगे बढ़ाने और जनसंख्या स्थिरीकरण और परिवार कल्याण पर सरकारी कार्यक्रमों का समर्थन करने पर ध्यान केंद्रित करने की आईजीएच की चल रही कोशिशों को भी मज़बूत करती है।

### संघर्ष मेहनत और आत्मविश्वास ही सफलता की कुंजी

# कठिनाइयां ही इंसान को मजबूत बनाती हैं: ओपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

युवाओं के उज्ज्वल भविष्यए प्रेरणा और सुनियोजित कैरियर निर्माण के उद्देश्य से प्रदेश के वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी के विशेष पहल पर आज पुसौर में भव्य कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देश के प्रसिद्ध शिक्षाविद तथा सुपर.30 के संस्थापक पद्मश्री आनंद कुमार ने विद्यार्थियों को सफलता के मंत्र दिए।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम संबोधित करते हुए वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप सरकार युवाओं के भविष्य निर्माण हेतु निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि जीवन में बड़ी सफलता के लिए स्पष्ट लक्ष्य, सही मार्गदर्शन और कड़ी मेहनत अत्यंत आवश्यक हैं। कठिनाइयाँ ही इंसान को मजबूत बनाती हैं। उन्होंने अपने छात्र जीवन के संघर्षों तथा सरकारी स्कूल से कलेक्टर और मंत्री बनने की प्रेरक यात्रा साझा करते हुए कहा कि मेहनतए निर्णय शक्ति और समय के सही उपयोग से कोई लक्ष्य असंभव नहीं। उन्होंने बताया कि केवल डिग्री को महत्व देना पर्याप्त नहींए बल्कि लक्ष्य आधारित पढ़ाई, दृढ़ संकल्प और परिस्थितियों को स्वीकार कर आगे बढ़ना ही सफलता का मूल मंत्र है। उन्होंने विराट कोहली के कठिन समय में अद्भुत समर्पण का उदाहरण देकर समझाया कि कठिनाइयाँ जीवन में ऊँची छलांग लगाने की तैयारी करवाती हैं। उन्होंने युवाओं को सलाह दी कि अपनी क्षमता पहचानें और उसके अनुसार करियर चुनें। योजना बनाकर, धैर्य और परिश्रम के साथ लक्ष्य की ओर बढ़ें। छात्रों को संबोधित करते हुए आनंद कुमार ने कहा कि कठिन परिस्थितियों में धैर्य और आत्मविश्वास बनाए रखने वाला व्यक्ति जीवन में अवश्य सफल होता है। उन्होंने अपने संघर्षपूर्ण जीवन की प्रेरक यात्रा साझा करते हुए बताया कि पिता के निधन के बाद उन्हें आर्थिक तंगी से जूझना पड़ा, पापड़ बेचने पड़े और कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में चयन होने के बावजूद वे आर्थिक परिस्थितियों के कारण नहीं जा सके।



